# वार्षिक प्रतिवेदन

**चतुर्थ पारितोषिक सम्मान समारोह**

**सत्र 2023-24**

**दिनांक : 22 मार्च 2024**

**माननीय मुख्यातिथि**

**श्री नारायण सिंह ठाकुर**

**प्राचार्य (सेवानिवृत)**

**प्रस्तुति**

**डॉ॰ सुजाता**

**प्राचार्य राजकीय महाविद्यालय सैंज**

**जिला कुल्लू (हि0 प्र0) 175134**

**वार्षिक प्रतिवेदन**

**राजकीय महाविद्यालय सैंज, जिला कुल्लू**

**सत्र 2023 -24**

देवभूमि जिला कुल्लू के इनर सराज की रमणीय,आकर्षक,दर्शनीय घाटियों में से सैंज घाटी का अपना विशेष स्थान है | जहां एक ओर विश्व धरोहर ग्रेट हिमालयन नेशनल पार्क के प्राकृतिक सौन्दर्य से ये घाटी विश्व मानचित्र पर अपनी जगह बनाती है वहीं दूसरी ओर शांघड़ ,देउरी , भाटकंडा ,दरोगीसार जैसे पर्यटन स्थल पर्यटकों को स्वतः ही अपनी ओर आकर्षित करते हैं | विद्युत नगरी सैंज में चल रही अनेक जल विद्युत परियोजनाओं के माध्यम से यहाँ रोजगार सृजन हुआ है और आम व्यक्ति का जीवन स्तर ऊंचा हुआ है | समय के साथ सैंज घाटी निरंतर विकास की ओर अग्रसर है और इसी विकास की कड़ी में 26 मार्च 2016 को राजकीय महाविद्यालय सैंज की स्थापना हुई , जो इस घाटी का प्रथम उच्च शिक्षण संस्थान है वर्तमान में महाविद्यालय को आरंभ हुए 8 वर्ष का समय हो गया है और इस दौरान महाविद्यालय ने शिक्षा के क्षेत्र में एक अलग पहचान बनाई है इस महाविद्यालय से अब तक 263 विद्यार्थियों ने कला व वाणिज्य संकाय में स्नातक की उपाधि प्राप्त की है, वे सभी बधाई के पात्र हैं |

महोदय, महाविद्यालय की अब तक की विकास यात्रा में आपका सहयोग सदैव रहा है | हमें आशा है कि आगे भी रहेगा जिससे कि महाविद्यालय दिन दुगुनी रात चौगुनी उन्नति के पथ पर अग्रसर रहेगा |

वर्तमान में महाविद्यालय में कला और वाणिज्य संकाय की कक्षाएं चल रही है |

वर्तमान सत्र में महाविद्यालय में विद्यार्थियों की कुल संख्या **233** है। जिसमे लड़कों की संख्या 97 और लड़कियों की संख्या 136 है ।

यह बहुत गर्व की बात है कि महाविद्यालय में छात्राओं की संख्या छात्रों से बहुत अधिक है |

**सत्र 2023-24 के दौरान छात्रों का की संख्या का विस्तृत विवरण इस प्रकार से है -**

| **संकाय** | **सत्र** | | | | **सामान्य वर्ग** | | | **अनुसूचित जाति** | | | **अनुसूचित जनजाति** | | | **अन्य पिछड़ा वर्ग** | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | **2023-24** | **छात्र** | **छात्राएं** | **कुल** | **छात्र** | **छात्राएं** | **कुल** | **छात्र** | **छात्राएं** | **कुल** | **छात्र** | **छात्राएं** | **कुल** | **छात्र** | **छात्राएं** | **कुल** |
| **कला** | **बी0 ए0 प्रथम वर्ष** | 50 | 50 | 100 | 38 | 36 | 74 | 12 | 14 | 26 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| **वाणिज्य** | **बी0 कॉम प्रथम वर्ष** | 3 | 1 | 4 | 2 | 1 | 3 | 1 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |

| | | | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | कुल | **53** | **51** | **104** | **40** | **37** | **77** | **13** | **0** | **27** | **0** | **0** | **0** | **0** | **0** | **0** |
| | | | | | | | | | | | | | | | | |
| **संकाय** | **सत्र** | | | | **सामान्य वर्ग** | | | **अनुसूचित जाति** | | | **अनुसूचित जनजाति** | | | **अन्य पिछड़ा वर्ग** | | |
| | **2023-24** | **छात्र** | **छात्राएं** | **कुल** | **छात्र** | **छात्राएं** | **कुल** | **छात्र** | **छात्राएं** | **कुल** | **छात्र** | **छात्राएं** | **कुल** | **छात्र** | **छात्राएं** | **कुल** |
| **कला** | **बी0 ए0 द्वितीय वर्ष** | 27 | 52 | 79 | 18 | 36 | 54 | 9 | 15 | 24 | 0 | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 |
| **वाणिज्य** | **बी0 कॉम द्वितीय वर्ष** | 2 | 3 | 5 | 2 | 1 | 3 | 0 | 2 | 2 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| | **कुल** | **29** | **55** | **84** | **20** | **37** | **57** | **9** | **17** | **26** | **0** | **1** | **1** | **0** | **0** | **0** |
| | | | | | | | | | | | | | | | | |
| **संकाय** | **सत्र** | | | | **सामान्य वर्ग** | | | **अनुसूचित जाति** | | | **अनुसूचित जनजाति** | | | **अन्य पिछड़ा वर्ग** | | |
| | **2023-24** | **छात्र** | **छात्राएं** | **कुल** | **छात्र** | **छात्राएं** | **कुल** | **छात्र** | **छात्राएं** | **कुल** | **छात्र** | **छात्राएं** | **कुल** | **छात्र** | **छात्राएं** | **कुल** |
| **कला** | **बी0 ए0 तृतीय वर्ष** | 26 | 38 | 64 | 21 | 26 | 47 | 4 | 12 | 16 | 1 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 |
| **वाणिज्य** | **बी0 कॉम तृतीय वर्ष** | 3 | 5 | 8 | 3 | 5 | 8 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| | **कुल** | **29** | **43** | **72** | **24** | **27** | **55** | **4** | **12** | **16** | **1** | **0** | **1** | **0** | **0** | **0** |

**वार्षिक परीक्षा परिणाम**

एक शिक्षण संस्थान को अपनी पहचान बनाने के लिए सबसे महत्वपूर्ण पहलू उसका वार्षिक परिणाम होता है | ये बड़े हर्ष की बात है कि महाविद्यालय का परिणाम सराहनीय है जिसका श्रेय निश्चित रूप से महाविद्यालय के प्राध्यापकों को जाता है |

**विषयवार परिणाम तालिका :- प्रथम वर्ष**

| **क्रमांक** | **विषय** | **कुल छात्र** | **उत्तीर्ण छात्र** | **महाविद्यालय प्रतिशतता** |
|---|---|---|---|---|
| 1 | अंग्रेजी | 11 | 11 | 100% |
| 2 | अर्थशास्त्र | 1 | 1 | 100% |
| 3 | इतिहास | 76 | 76 | 100% |
| 4 | राजनीति विज्ञान | 54 | 49 | 90.74 % |
| 5 | संगीत | 2 | 2 | 100% |
| 6 | समाजशास्त्र | 18 | 18 | 100% |
| 7 | हिन्दी | 10 | 10 | 100% |
| 8 | वाणिज्य | 6 | 3 | 50% |

**विषयवार परिणाम तालिका :- द्वितीय वर्ष**

| **क्रमांक** | **विषय** | **कुल छात्र** | **उत्तीर्ण छात्र** | **महाविद्यालय प्रतिशतता** |
|---|---|---|---|---|
| 1 | अंग्रेजी | 1 | 1 | 100% |
| 2 | समाजशस्त्र | 18 | 17 | 94. 44% |
| 3 | राजनीति विज्ञान | 48 | 46 | 95.83% |
| 4 | इतिहास | 72 | 68 | 94.44% |
| 5 | संगीत | 3 | 3 | 100% |
| 6 | हिन्दी | 23 | 22 | 95.65% |
| **7** | वाणिज्य | 3 | 3 | 100% |

**विषयवार परिणाम तालिका :- तृतीय वर्ष**

| **क्रमांक** | **विषय** | **कुल छात्र** | **उत्तीर्ण छात्र** | **महाविद्यालय प्रतिशतता** |
|---|---|---|---|---|
| 1 | अंग्रेजी | 6 | 6 | 100% |
| 2 | समाजशस्त्र | 16 | 16 | 100% |
| 3 | राजनीति विज्ञान | **76** | 76 | 100% |
| 4 | इतिहास | 44 | 44 | 100% |
| 5 | संगीत | 4 | 4 | 100% |
| 6 | हिन्दी | 22 | 22 | 100% |
| **7** | अर्थशास्त्र | 1 | **1** | 100% |
| 8 | वाणिज्य | 8 | **7** | 87.5 **%** |

**आगमन**

सत्र 2023 -24 में शिक्षक वर्ग में सहायक प्रो0 प्रेमदास (राजनीति विज्ञान विभाग ), प्रो0 निशा नेगी (अंग्रेजी विभाग ), प्रो0 वंदना (वाणिज्य विभाग) गैर शिक्षक वर्ग में श्री दलीप असिस्टेंट लाइब्रेरीअन एवं श्री उत्तम चंद (सेवादार) महाविद्यालय परिवार में सम्मिलित हुए हैं |

**स्थानांतरण**

सत्र 2023 -24 के दौरान महाविद्यालय में शिक्षक वर्ग से सहायक डॉक्टर हीरा भगती (वाणिज्य विभाग) , प्रो0 राजेश सिंह (राजनीति विज्ञान विभाग ), सहायक प्रो0 अंजली (अंग्रेजी विभाग) , प्रो० अमन सूद (हिन्दी विभाग ) स्थानांतरित होकर विभिन्न महाविद्यालयों में गए हैं | साथ ही इसी सत्र के दौरान महाविद्यालय से प्रो० गोविंद राम सैनी (वाणिज्य विभाग) सेवानिवृत हुए हैं |

**छात्रवृतियां**

सत्र **2023-24** के अंतर्गत अलग अलग योजनाओं के द्वारा विभिन्न वर्गों के विधार्थियों को छात्रवृतियां प्रदान की गई। अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग व आई० आर० डी० पी० के छात्र व छात्राओं को छात्रवृति

धनराशि डायरेक्ट ट्रांसफर स्कीम के तहत उनके बैंक खातों में जमा की जा रही है । इसके तहत पात्र विद्यार्थी (@ 12,000 per annum) नेशनल स्कालरशिप पोर्टल के अंतर्गत लाभ उठा रहे हैं ।

**वार्षिक पत्रिका -** महाविद्यालय में विद्यार्थियों की व्यक्तिगत प्रतिभा को निखारने हेतु वार्षिक पत्रिका "तपोधरा " का प्रकाशन किया जाता है | महाविद्यालय की शैक्षिकणिक गतिविधियों के साथ विद्यार्थियों में सृजनात्मकता के विकास में महाविद्यालय की पत्रिका की अहम भूमिका रहती है जिसमे वे अपनी कविताओं व लेखों के माध्यम से अपने विचारों को अभिव्यक्त करते हैं |

**अभिभावक-अध्यापक संघ (PTA)**

अध्यापकों छात्रों और अभिभावकों बीच संवाद कायम रखने के उदेश्य से महाविद्यालय में पी० टी० ए० का गठन किया जाता है संघ न केवल महाविद्यालय प्रशासन के साथ विभिन्न विकासात्मक गतिविधियों में सहयोग करता है बल्कि अपने बहुमूल्य सुझावों द्वारा एक शैक्षिक वातावरण का निर्माण भी करता है सत्र 2023-24 के लिए गठित संघ का विवरण इस प्रकार है -

| क्रम संख्या | **पद** | नाम |
|---|---|---|
| 1 | प्रधान | श्री ज्ञान चंद |
| 2 | उपप्रधान | श्री जय सिंह |
| 3 | सचिव | प्रो0 कविता कटोच |
| 4 | सहसचिव | श्रीमती निर्मला देवी |
| 5 | कोषाध्यक्ष | श्री जसवंत सिंह |
| 6 | सदस्य अध्यापक वर्ग | प्रो0 निशा, प्रो0 प्रेम, प्रो0 प्रदीप |
| 7 | सदस्य अभिभावक वर्ग | श्री बेली सिंह , श्री जगरनाथ , श्री दौलत राम, श्री वेद प्रकाश |

**पुस्तकालय**

महाविद्यालय के पुस्तकालय में भिन्न भिन्न विषयों की अनेक पुस्तकें उपलब्ध हैं और महाविद्यालय में पढ़ाए जाने वाले सभी विषयों से संबंधित (Reference Books) संदर्भ पुस्तकें उपलब्ध हैं जिनका सदुपयोग प्राध्यापक वर्ग व विद्यार्थी दोनों मिकलर करते हैं | इसके साथ ही पुस्तकालय में अमर उजाला, दिव्य हिमाचल आदि समाचार पत्र नियमित रूप से आते हैं |

**सत्र 2023-24 के दौरान महाविद्यालय में हुई विभिन्न गतिविधियों का विवरण इस प्रकार से है:-**

**महात्मा गांधी: राष्ट्रीय संगोष्ठी**

23-24 जून 2023 को राजकीय महाविद्यालय हरिपुर मनाली द्वारा एक राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया | इस संगोष्ठी का विषय- गांधीमार्ग: बहुआयामी , बहु विषयक दृष्टिकोण (सत्य के प्रयोग और हिन्द स्वराज के संदर्भ में) था | इस संगोष्ठी में महाविद्यालय के दस विद्यार्थियों ने भाग लिया जिसके द्वारा उन्होनें महात्मा गांधी के जीवन और दर्शन को समझने की कोशिश की |
निश्चित रूप से गांधी दर्शन को समझने के बाद विद्यार्थियों के दृष्टिकोण में परिवर्तन होगा और वे जीवन में गांधी की शिक्षा और दर्शन को व्यवहारिक रूप प्रदान करने में सक्षम होंगे |

**हिन्दी दिवस**

14 सितंबर 2023 को राजकीय महाविद्यालय सैंज में हिन्दी दिवस के अवसर पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया | राजभाषा हिन्दी के प्रति आदर और सम्मान की भावना दर्शाने हेतु तथा इसके प्रचार प्रसार के लिए इस दिन अनेक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिनका प्रमुख लक्ष्य सभी को हिन्दी भाषा के प्रयोग के लिए प्रेरित करना था | हिन्दी के बढ़ते महत्व , हिन्दी भाषा में रोजगार , हिन्दी के प्रति लोगों में प्रेम की भावना जगाना आदि इस दिन विभिन्न प्रतियोगिताओं के प्रमुख विषय रहे | विद्यार्थियों ने भाषण, नारा लेखन , कविता पाठ , निबंध लेखन आदि प्रतियोगिताओं द्वारा हिन्दी भाषा की श्रेष्ठता को प्रकट किया |

**चित्रकला प्रतियोगिता**

20 अक्तूबर 2023 को महाविद्यालय में एनएचपीसी सैंज के सौजन्य से एक चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसका विषय था -"भ्रष्टाचार का विरोध करें राष्ट्र के प्रति समर्पित रहें"| इस प्रतियोगिता में महाविद्यालय के लगभग 25 विद्यार्थियों ने भाग लिया तथा अपनी चित्रकला द्वारा भ्रष्टाचार मुक्त भारत को प्रदर्शित किया |
प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहे विद्यार्थियों को 7 नवंबर 2023 को एनएचपीसी के स्थापना दिवस के अवसर पर उनके विहाली स्थित परिसर में पुरस्कार प्रदान किए गए |

मे**री माटी मेरा देश - अमृत कलश यात्रा**

12 अक्टूबर 2023 को महाविद्यालय में 'मेरी माटी मेरा देश - अमृत कलश यात्रा'का आयोजन किया गया | इस कार्यक्रम के माध्यम से महाविद्यालय के विद्यार्थियों को स्वततंत्रता सेनानियों के बलिदान से अवगत करवाया गया | इस दौरान विद्यार्थियों में देशभक्ति की भावना जगाने हेतु विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए गए |

**प्रश्नोतरी प्रतियोगिता**

महाविद्यालय में गठित विभिन्न क्लबस एवं सोसाइटीज़ के संयुक्त प्रयास से महाविद्यालय में विद्यार्थियों को रोड़ सुरक्षा तथा विभिन्न विषयों की प्रतियोगी परीक्षाओं के बारे में जागरूकता लाने हेतु एक प्रश्नोतरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया | इस प्रश्नोतरी प्रतियोगिता में आठ टीमों ने भाग लिया | इस कार्यक्रम का मुख्य उदेश्य छात्रों को सड़क सुरक्षा के महत्व की जानकारी देना था |

**केन्द्रीय छात्र परिषद (CSCA) सम्मान समारोह**

10 नवंबर 2023 को महाविद्यालय में केन्द्रीय छात्र परिषद की नवकार्यकारिणी का गठन किया गया | इस कार्यकारिणी का गठन हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय शिमला के दिशा निर्देशों के अनुसार पूर्णतः मेरिट आधार पर किया गया | इस कार्यकारिणी में अध्यक्ष किरना , उपाध्यक्ष तान्या, सचिव कमला देवी, तथा सहसचिव अमित कुमार व विभिन्न कक्षाओं के प्रतिनिधियों , विभिन्न क्लबस एवं सोसायटी के मनोनीत सदस्यों के साथ कुल 20 विद्यार्थियों ने अपने पद की शपथ ली | इन सभी प्रतिनिधियों को प्राचार्य महोदय व सभी स्टाफ सदस्यों की उपस्थिति में सम्मानित किया गया | केन्द्रीय छात्र परिषद एक महत्वपूर्ण एकाई के रूप में महाविद्यालय के विभिन्न विकासात्मक कार्यों व सांस्कृतिक आयोजनों में महाविद्यालय प्रशासन का सहयोग करती है |

**खेलकूद प्रतियोगिता**

छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए पढ़ाई के साथ खेल कूद भी अनिवार्य है इसी उद्देश्य से महाविद्यालय में 4 और 5 दिसंबर को दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया | जिसमें क्रिकेट , वॉलीबाल , कबड्डी , बैडमिंटन तथा एथलेटिक्स खेलों का आयोजन किया गया जिसमें बहुत अधिक संख्या में छात्र छात्राओं ने उत्साह पूर्वक भाग लिया तथा विभिन्न प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित किया |

**संविधान दिवस**

महाविद्यालय में 25 नवंबर को संविधान दिवस के उपलक्ष्य में राजनीति विभाग द्वारा एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया | कार्यक्रम के आरंभ में सभी विद्यार्थियों व प्राध्यापकों ने संविधान दिवस की शपथ ली | इस दिन संविधान के महत्व को दर्शाने के लिए विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गई | छात्रों ने भाषण, नारा लेखन, पेंटिंग , निबंध लेखन आदि प्रतियोगिताओं द्वारा संविधान के महत्व को प्रकट किया |

**महाविद्यालय में गठित विभिन्न क्लबों की गतिविधियों का विवरण इस प्रकार से है :-**

**रोड़ सेफ़्टी क्लब**

छात्रों को सड़क सुरक्षा से अवगत कराने के लिए महाविद्यालय में रोड सेफ़्टी क्लब का गठन किया गया है | महाविद्ययाली में इस क्लब के अंतर्गत सड़क सुरक्षा पर अनेक कार्यक्रम आयोजित किए गए | प्रश्नोतरी प्रतियोगिता, पोस्टर मेकिंग, पेंटिंग कम्पिटिशन, नारा लेखन, निबंध लेखन, सड़क सुरक्षा जागरूकता हेतु सैंज बाज़ार में

जागरूकता रैली आदि कार्यक्रम आयोजित किए गए ताकि इस अति महत्वपूर्ण व संवेदनशील मुद्दे पर युवा पीढ़ी व समाज के लोगों का ध्यान केंद्रित हो और सड़क दुर्घटनाओं से बचा जा सके | इसके अतिरिक्त सड़क सुरक्षा हेतु महाविद्यालय परिसर और आस-पास में 10 लोहे के साइन बोर्ड भी लगाए गए ताकि लोग सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक हों |

**रेड रिबन क्लब**

1 दिसंबर 2023 को महाविद्यालय में विश्व एड्स दिवस मनाया गया | इस अवसर पर एड्स से संबंधित जागरूकता के लिए विद्यार्थियों के मध्य नारा लेखन और भाषण प्रतियोगिताएं कारवाई गई | इस अवसर पर सैंज चिकित्सालय से डॉ वरुण शर्मा मुखतिथि के रूप में उपस्थित थे जिन्होनें अपने व्याख्यान में एड्स के फैलने और रोकथाम के उपाय छात्रों को बताए |

**राष्ट्रीय सेवा योजना**

दिनांक 12 अक्तूबर 2023 को राजकीय महाविद्यालय सैंज कुल्लू में 'फिट इंडिया फ्रीडम रन 4.0' का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य स्वच्छ भारत और स्वस्थ भारत अभियान के अंतर्गत जागरूकता फैलाना था।

दिनांक 12 अक्तूबर 2023 को राजकीय महाविद्यालय सैंज कुल्लू ने अपने परिसर में 'मेरी माटी, मेरा देश - अमृत कलश यात्रा' का आयोजन किया। इस अद्वितीय कार्यक्रम के माध्यम से, महाविद्यालय के विद्यार्थियों को स्वतंत्रता सेनानियों और वीर वीरांगनाओं के द्वारा जो राष्ट्र के लिए प्राण न्योछावर किए उसके महत्व के बारे में बताया गया।

दिनांक 20 अक्टूबर 2023 को NHPC सैंज के इंटीग्रिटी क्लब एवम् राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के माध्यम से सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2023 का आयोजन किया गया । जिसमें महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के विद्यार्थियों के द्वारा नारा लेखन व पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में भाग लिया।

दिनांक 8 दिसंबर 2023 को राजकीय महाविद्यालय, सैंज, कुल्लू में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ने यौन उत्पीड़न रोकथाम के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया, कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय कुल्लू के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. निर्मला सिंह ने विद्यार्थियों को यौन उत्पीड़न रोकथाम के हेतु बने अधिनियम 2013 और विशाखा गाइडलाइंस के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की।

24 से 30 दिसंबर तक सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया गया |

5 मार्च 2024 को राजकीय महाविद्यालय सैंज की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ने,"मेरा पहला वोट देश के लिए" थीम के अंतर्गत SVEEP कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में प्रोफेसर प्रेम कुमार नेगी (राजनीतिक विज्ञान) ने भाग लिया / जिसमें उन्होंने स्वयंसेवियों और महाविद्यालय के विद्यार्थियों को मतदान प्रक्रिया के बारे में अवगत करवाया।

**रोवर्स एंड रेंजर्स**

महाविद्यालय में रोवर्स एंड रेंजर्स इकाई का गठन किया गया है इसका मुख्य लक्ष्य छात्रों के व्यक्तित्व का विकास करना है रोवर्स रेंजर्स ट्रे निंग का प्रशिक्षण प्राप्त कर के छात्र छात्राएं अनुशासित होकर सामुदायिक सेवा से जुड़ कर राष्ट्र सेवा में योगदान करते हैं |

महाविद्यालय की रोवर्स एंड रेंजर्स इकाई ने NSS इकाई के साथ संयुक्त रूप से स्वच्छता अभियान, अमृत कलश यात्रा आदि कार्यक्रम समय-समय पर आयोजित करती रही है|

**केरियर गाइडेन्स सेल**

महाविद्यालय के केरियर गाइडेन्स सेल के अंतर्गत 6 विद्यार्थियों ने मनाली में एक माह तक होटल मेनेजमेंट का प्रशिक्षण प्राप्त किया |

**प्राध्यापकों की उपलब्धियाँ :-**

**प्रो० सुरेश कुमार** ने राजकीय महाविद्यालय आनी (कुल्लू ) द्वारा आयोजित एक सप्ताह के 'faculty development programme' को सफलतापूर्वक पूरा किया |

**डॉ० कविता कटोच** ने राजकीय महाविद्यालय आनी (कुल्लू ) द्वारा आयोजित एक सप्ताह के 'faculty development programme' को सफलतापूर्वक पूरा किया |

**प्रो० निशा नेगी ने** रामानुजम कॉलेज, दिल्ली विश्वविद्याय द्वारा आयोजित 'Advance research methodology' विषय पर दो स्पताह के रिफ्रेशर कोर्स को सफलतापूर्वक पूरा किया |

**प्रो० निशा नेगी ने** रामानुजम कॉलेज, दिल्ली विश्वविद्याय द्वारा आयोजित एक सप्ताह के Faculty development programme को सफलतापूर्वक पूरा किया |

**प्रो० प्रेम ने** 'Historical Background of Chaurasi Temples of Bharmour Tribal Region, Himachal Pradesh' विषय पर 1 अक्टूबर को शोध पत्र प्रस्तुत किया |

**प्रो० प्रेम ने राजनीति विज्ञान विषय में, 25 नवंबर से 9 दिसंबर तक आयोजित 2 सप्ताह के** रिफ्रेशर कोर्स को सफलतापूर्वक पूरा किया |

**प्रो० प्रेम ने 'Migration and Ethnic conflict: Local vs Outsider in Assam; HImalayan Region' विषय पर 30-31 को शोध पत्र प्रस्तुत किया |**

**प्रो ० प्रेम ने** रामानुजम कॉलेज, दिल्ली विश्वविद्याय द्वारा आयोजित एक सप्ताह के Faculty development programme को सफलतापूर्वक पूरा किया |

**प्रो० अमन सूद** ने 6 मई 2023 से 20 मई 2023 तक रामानुजम कॉलेज, दिल्ली विश्वविद्याय द्वारा आयोजित दो सप्ताह के हिन्दी विषय के रिफ्रेशर कोर्स को सफलतापूर्वक पूरा किया |

**प्रो॰ अमन सूद ने** रामानुजम कॉलेज, दिल्ली विश्वविद्याय द्वारा आयोजित एक सप्ताह के Faculty development programme को सफलतापूर्वक पूरा किया |

**प्रो॰ प्रदीप ने** राजकीय महाविद्यालय आनी (कुल्लू ) द्वारा आयोजित एक सप्ताह के 'faculty development programme' को सफलतापूर्वक पूरा किया |

**प्रो॰ प्रदीप ने** राजकीय महाविद्याल पालमपुर द्वारा आयोजित एक सप्ताह के 'faculty development programme' को सफलतापूर्वक पूरा किया |

**प्रो॰ प्रदीप ने 'Migration and Ethnic conflict: Local vs Outsider in Assam; HImalayan Region' विषय पर 30-31 को शोध पत्र प्रस्तुत किया |**

## धन्यवाद ज्ञापन

अंत में, मैं समस्त महाविद्यालय परिवार, प्राध्यापक वर्ग , कर्मचारी वर्ग , अध्यापक अभिभावक संघ और समस्त छात्र छात्राओं की ओर से माननीय मुख्यातिथि महोदय का आभार प्रकट करती हूँ जिन्होंने व्यस्तताओं के वावजूद हमारे इस वार्षिकोत्सव त्रिवेणी 2024 में पधार कर हम सभी को अनुग्रहित किया |

मैं राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सैंज के प्राधानाचार्य तथा अन्य अध्यापकों का धन्यवाद करती हूँ जिनके परिसर में हमारा महाविद्यालय चल रहा है |

मैं यहाँ उपस्थित सभी पत्रकार बंधुओं का भी धन्यवाद करती हूँ जो समय-समय पर महाविद्यालय की विभिन्न गतिविधियों को समाचार पत्रों में प्रकाशित करते हैं |

मैं अध्यापक अभिभावक संघ के प्रधान एवं समस्त कार्यकारिणी का भी धन्यवाद करती हूँ जिन्होनें महाविद्यालय के विकास कार्य में अपना सहयोग दिया | मैं उन सभी प्रतिभाशाली छात्र छात्राओं को बधाई देती हूँ जिन्हें आज पुरस्कार प्राप्त करने का अवसर मिला है साथ ही मैं उन विद्यार्थियों को भी बधाई देती हूँ जो इस वर्ष किसी कारण पुरस्कार प्राप्त करने में चूक गए हैं और उनसे अपेक्षा करती हूँ कि वे अगले वर्ष जरूर पुरस्कार प्राप्त करेंगे | अंत में मैं उन सभी का धन्यवाद करती हूँ जिन्होनें प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से इस समारोह को सफल बनाने में अपना सहयोग दिया है |